### खबर संक्षेप

## व्यक्तिगत लाभ के लिए सत्ताधारी पार्टी के मुखिया को बनाया जा रहा निशाना



**शहडोल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की सामाजिक छवि धूमिल करने की साजिश पर यथोचित कार्यवाही की मांग भाजपा प्रतिनिधि मण्डल ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर की गई। प्रतिनिधि मण्डल ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा की छवि एक जमीन के मामले से जोडक़र धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि वस्तुस्थिति यह है कि जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा का उस मामले से कोई लेना-देना नहीं हैं। उक्त मामले में उनके द्वारा आजतक कभी भी किसी को कोई भी तरह का राजनैतिक दबाव नहीं डाला गया है, केवल व्यक्तिगत लाभ एवं स्वार्थ के कारण कुछ लोगों के द्वारा साजिश के तहत लगातार अभद्र नारेबाजी, मुर्दाबाद के नारे कर सत्ताधारी पार्टी की मुखिया होने के नाते उनको एवं पार्टी को टारगेट किया जा रहा है। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंप कर भाजपा की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के खिलाफ झूठी एवं निराधार शिकायत करने वालों के खिलाफ उपयुक्त एवं कठोर कार्यवाही करने की मांग की है, ताकि भविष्य में सामाजिक जीवन में शुचिता भंग करने वालों के गैर-इरादतन हौसले न बढ़े एवं इस प्रकार की हरकत की पुनरावृत्ति ना हो सके। साथ ही कथित शिकायत पत्र के आधार पर प्रशासन से मांग की है की ग्राम भुईबाँध की भूमि ख. नं. 72 की पूर्ण जांच एवं सीमांकन किया जाए, ताकि वैध एवं अवैध कब्जाधारियों की स्थिति स्पष्ट हो सके और भाजपा की छवि धूमिल करने की कोशिश की जा रही है एवं भाजपा प्रतिनिधि मंडल द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। ज्ञापन सौपने में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष कमल प्रताप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रकाश जगवानी, संतोष लोहानी , कैलाश तिवारी, भूपेंद्र मिश्रा, चंद्रेश द्विवेदी, दिनेश दीक्षित, नगर अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष जयश्री कचेर, धर्मेंद्र सिंह मीनू, संतोष मिश्रा, अमित मिश्रा, दीपक केसरवानी, अमित गुप्ता बंटी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंजीयन विभाग ने राजस्व जमाकर बनाया रिकार्ड

**उमरिया।** पंजीयन विभाग व्दारा एक दस्तावेज में 17 करोड़ 53 लाख रूपये का राजस्व जमाकर रिकार्ड बनाया है। उप पंजीयक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि राज्य शासन द्वारा संपदा 2.0 लागू करने के पश्चात एक दस्तावेज में एक साथ मिलना वाला राजस्व संभाग में सर्वाधिक है । उन्होने बताया कि उमरिया जिले को वित्तीय वर्ष में 21 करोड़ राजस्व संग्रहण का लक्ष्य दिया गया था जिसके विरूद्ध अब तक 35 करोड़ रूपये राजस्व संग्रहण किया जा चुका है। जिला पंजीयक पंकज कोरी ने बताया कि जिले में कोल ब्लाक के लिए आवंटित भूमि से राजस्व बढ़ा है। उक्त दस्तावेज सारडा कोल्ड ब्लाक से संबंधित है जिसे 30 वर्ष के लिए खनन के लिए दी गई है । लीज का रकबा 1248.108 है । जिसमें जिले के तीन ग्राम खम्हरियाखुर्द, कुसमहाखुर्द , शाहपुर तथा शहडोल जिले के दो ग्राम कठौतिया तथा खम्हरियाकला शामिल है। यह भूमि वन, राजस्व एवं निजी भूमि है। खनिज लीज का निष्पादन कंपनी की ओर से रामाराव भगवततुल्ला , खनिज विभाग की ओर से नरबद सिंह आर्मो सहायक खनिज निरीक्षक द्वारा निष्पादन किया गया। लीज के निष्पादन की प्रक्रिया में सेवा प्रदाता राहुल यादव, नौसाद तथा वसीम की प्रमुख भूमिका रही ।

### मोदी सरकार की अमृत भारत योजना से शहडोल स्टेशन का होना है कायाकल्प

# रेलवे स्टेशन के कायाकल्प की देरी पर विधायक की नाराजगी

शहडोल रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के लिए स्थानीय विधायक की मांग पर मोदी सरकार ने करोड़ों का बजट आवंटित तो किया, लेकिन ठेकेदार की मनमानी से नियत तिथि तक कार्य पूर्ण न होने की स्थिति में आदिवासी महिला विधायक ने सोमवार की सुबह स्टेशन पहुंचकर सभी कार्यों का निरीक्षण किया और महती योजना को जल्द पूरा करने के निर्देश भी दिये।



## 31 मार्च तक होना था पूर्ण, औचक निरीक्षण पर पहुंची विधायक



**शहडोल।** जयसिंहनगर विधान सभा क्षेत्र की महिला विधायक सोमवार की सुबह एक्शन मोड में नजर आईं। सुबह लगभग 9:30 बजे स्थानीय महिला पार्षद श्रीमती रजनी सिंह व अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं तथा आमजनों की मांग पर श्रीमती मनीषा सिंह रेलवे स्टेशन पहुंच गई, विधायक के औचक निरीक्षण पहुंची, कार्य स्थल पर न तो ठेकेदार थे और न ही हो रहे निर्माण के पास कोई विशेषज्ञ ही मौजूद था, जिन कार्यो को 31 मार्च तक पूरा हो जाना चाहिए, उसमें रैंप और व्हीआईपी रूम के साथ अन्य महत्वपूर्ण कार्य शायद ही 30 अप्रैल तक भी पूरी हो पाये, केन्द्र की मोदी सरकार की महत्वाकांछी अमृत भारत योजना पर ठेकेदारों के द्वारा के द्वारा मनमानी का ग्रहण लगाये जाने के कारण महिला विधायक ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि केन्द्र की यह योजना शहडोल स्टेशन और संभाग के लिए मील का पत्थर है, करोड़ों रूपये खर्च करके भाजपा की केन्द्र की सरकार ने शहडोल को इस योजना में शामिल किया, उन्होंने कहा कि इससे शहर को नई पहचान मिलेगी।

### प्रगति मंथरगति से

स्टेशन को नया स्वरूप देने व यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए रेलवे प्रबंधन ने निर्माण कार्य प्रारंभ तो करा दिया, लेकिन कार्य धीमा है, श्रीमती सिंह ने बताया कि स्टेशन के मुख्य द्वार को आकर्षक बनाने अपग्रेड किया जा रहा है। इसके साथ ही गर्मी में यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखते हुए रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 में शेड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसके साथ ही स्टेशन परिसर के बाहर सडक़, निर्माण, पार्किंग, गार्डन व सौंदर्यीकरण का कार्य प्रगति पर है। रेलवे प्रबंधन की माने तो शहडोल रेलवे स्टेशन जल्द ही एक नए स्वरूप में बनकर तैयार किए जाने हर संभव प्रयास किया जा रहा है। स्टेशन पूरी तर आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। यात्रियों की जरूरी सुविधाओं को ध्यान में रखकर भी कार्य किया जा रहा है।



### सड़क चौड़ीकरण और गार्डन का होगा निर्माण

स्थानीय महिला पार्षद श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि स्टेशन को सामने आकर्षक बनाने के लिए रेलवे ने ले आऊट के अनुसार प्लेंथ का कार्य कंपलीट कर लिया है। इसके साथ ही रोड चौड़ीकरण का कार्य भी किया जा रहा है। अधिकारियों की माने तो स्टेशन के बाहर रोड चौड़ीकरण के साथ गार्डन बनाया जाएगा, जिससे यात्रियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। पार्किंग के लिए भी अलग स्थान चिन्हित किया गया है।

### हाई लेवल का होगा प्लेट फार्म

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन के सभी प्लेट फार्म हाई लेवल का होगा। जिसका निर्माण यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को ध्यान में रखकर किया जाएगा। इसके लिए प्लेट फार्म में स्थानीय कला संस्कृति की चित्रकारी कराई जाएगी। साथ ही डिजाइन साइनेजस, चौड़े फुटओवर ब्रिज का निर्माण, लिफ्ट सिस्टम, प्लेटफार्म की फ्लोरिंग, शेल्टर का निर्माण आदि शामिल है। इसके साथ ही सीनियर सिटीजन व दिव्यांग यात्रियों को भी ध्यान में रखकर कायाकल्प का कार्य किया जा रहा है।

# कलेक्टर के निर्देश पर कोल माफिया से मुक्त हो रहा शहडोल



**शहडोल।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करने के कलेक्टर के निर्देश अब जमीनी स्तर पर नजर आने लगे हैं, बीते दिनों में जहां बटुरा, बिछिया व केशवाही क्षेत्र में दर्जनों कोयले की अवैध खदानों को बंद कराया गया, वहीं कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देश पर खनिज विभाग ने सोमवार को जैतपुर तहसील के ग्राम नेमूहा के समीप कसेढ़ नदी के समीप हो रहे अवैध उत्खनन के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की। जिला खनिज अधिकारी राहुल शांडिल्य और निरीक्षक प्रभात पट्टा, समय लाल गुप्ता व अन्य खनिज कर्मचारियों ने कसेढ़ नदी के समीप खोदे गये अवैध गड्ढो को जेसीबी लगाकर बंद कराया।





### माफिया मुक्त हो रहा जिला

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अवैध खनन के खिलाफ लगातार हो रही कार्यवाहियों से खनिज माफिया में हडक़ंप की स्थिति निर्मित है, बीते दिनों केशवाही क्षेत्र में चोरी छुपे किये जा रहे कोयले के अवैध उत्खनन से दंपत्ति की मौत के बाद यह मामला प्रकाश में आया था, जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए, खनिज, पुलिस व राजस्व अमले को संयुक्त रूप से कार्यवाही के निर्देश दिये थे। लगातार हो रही कार्यवाहियों से खनिज माफिया में हडक़ंप की स्थिति निर्मित है।

### ईंट भट्टे में पहुंचता था कोयला

कसेढ़ नदी के समीप खनिज विभाग के द्वारा की गई कार्यवाही से कई खदाने बंद करा दी गई। इस संदर्भ में बताया गया कि कसेढ़ नदी के अलावा केशवाही व बटुरा क्षेत्र में कोयले की अवैध खदानों से कोयला निकालकर जिले भर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में संचालित ईंट के अवैध भ_ो में कोयला पहुंचता था, यही स्थिति नवलपुर व सोन नदी से सटे अन्य क्षेत्रों में भी बताई गई है, संभवतः आने वाले दिनों में शेष स्थानों पर भी कार्यवाही और ईंट भ_ों में हो रहे कोयले की आपूर्ति के संदर्भ में भी जांच और कार्यवाही की जा सकती है।

# आमंत्रण नहीं मिला तो पड़ोसी ने रोकी बारात

### पुलिस पर किया हमला, मुख्य आरोपी फरार, पत्नी-पुत्री गिरफ्तार

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के खुटहरा गांव में शादी में आमंत्रित न किए जाने से नाराज एक युवक ने दूल्हे की बरात को रोकने की कोशिश की। मामला इतना बढ़ गया कि मौके पर पहुंची पुलिस के साथ भी युवक और उसके परिवार ने मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक, उसकी पत्नी और पुत्री के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बीती रात की है, जब कुशवाहा परिवार में विवाह समारोह के दौरान बरात गांव में पहुंची। पड़ोस में रहने वाले मनोज यादव ने गुस्से में बरात को रोकने का प्रयास किया। वह अपने घर के सामने डंडा लेकर खड़ा हो गया और दूल्हे की गाड़ी को आगे बढऩे से रोक दिया। इस अप्रत्याशित घटना से बरातियों में हडक़ंप मच गया और बैंड-बाजे की धुन बंद कर दी गई। लडक़ी पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंचे और मनोज को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह किसी की सुनने को तैयार नहीं था।

जब मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, तो डायल 100 टीम मौके पर पहुंची। बरात रोकने की सूचना पर डायल 100 के आरक्षक ऋषभ शुक्ला और पायलट भानु प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही मनोज वहां से भाग गया और पुलिस ने बरात को आगे बढ़ाया। हालांकि, थोड़ी देर बाद मनोज वापस आया और आरक्षक ऋषभ शुक्ला पर डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे पायलट भानु प्रताप सिंह के साथ भी मारपीट की गई। इस दौरान मनोज की पत्नी और पुत्री भी पुलिसकर्मियों से भिड़ गईं और उनके साथ मारपीट करने लगीं। घटना को देखकर गांव के लोग इक_ा हो गए और पुलिसकर्मियों को छुड़ाया। इसके बाद आरक्षक और पायलट डायल 100 में सवार होकर थाने पहुंचे और मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दी। घटना की जानकारी के बाद थाना प्रभारी अरुण पाण्डेय अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। हालांकि, तब तक मनोज यादव फरार हो चुका था। पुलिस ने उसकी पत्नी और पुत्री को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी की तलाश जारी है। खबर है कि विवाह रमेश कुशवाहा की पुत्री का था, आरोपी मनोज यादव और रमेश के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते रमेश ने अपनी बेटी की शादी में मनोज को आमंत्रित नहीं किया था। आमंत्रण न मिलने से नाराज मनोज ने बरात रोकने की ठान ली और अपने घर के सामने डंडा लेकर खड़ा हो गया।

### इनका कहना है...

आरोपी मनोज यादव, उसकी पत्नी और पुत्री के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जल्द ही मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी हुई है।

**अरुण पाण्डेय**
**थाना प्रभारी, ब्यौहारी**

## मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया गया शुभारंभ

**जयसिंहनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जयसिंहनगर में 03 मार्च को प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुशीला शुक्ला, जनपद अध्यक्ष मालती सिंह एवं क्षेत्र के सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट को क्षेत्र में बीमार जरूरतमंदों के उपचार हेतु रवाना किया। केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं मे से एक पीएम जनमन योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर को आवंटित की गई मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से दुर्गम स्थानों मे बसे जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों मे मोबाइल मेडिकल यूनिट जाकर जरूरत मंद ऐसे मरीजों का जो आवश्यक संसाधनों की कमी के कारणवश बीमारियों के इलाज से वंचित र जाते हैं, ऐसे ग्रामीण इलाकों मे प्रतिदिन निर्धारित रूट चार्ट के आधार पर मोबाइल मेडिकल यूनिट भ्रमण करते हुए लोगो को उनके निवास क्षेत्र मे ही इलाज की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराते हुए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याण के संकल्प को पूर्ण करेगी। कार्यक्रम शुभारम्भ के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर के बीएमओ के.एल.दीवान ने बताया की जल्द ही चिन्हित ग्रामों के लिए प्रतिदिन के आधार पर रूट चार्ट निर्धारित किया जाएगा, वर्तमान मे मेडिकल यूनिट मे डॉ. सहित 6 व्यक्तियों का स्टॉफ कार्यरत है। साथ में मरीजों को फल वितरण किया गया एवं साफ सफाई का निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत अंत्योदय समिति अध्यक्ष अरुण गौतम, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनारायण पांडेय, नगर परिषद अंत्योदय समिति अध्यक्ष निर्मल द्विवेदी, नगर परिषद उपाध्यक्ष संपत मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष एवं पार्षद दिवाकर पयासी, प्रदेश संयोजक दुर्गेश कुमार पाण्डेय (विश्व मानव कल्याण संघ), पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष चक्रधारी शुक्ला, युवा भाजपा नेता आदेश शुक्ला, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष उत्तम तिवारी, भाजपा नेता मनोज द्विवेदी, पार्षद रामनारायण सोनी, गेंदबाई, शिवानी राजन उपाध्याय, सुरेंद्र राव, फूलमत बैगा, रनिया बैगा, पार्षद कैलाश बैगा, गुड्या अहिरवार, बूथ अध्यक्ष संतोष साहू, मीडिया से सुनील द्विवेदी, गोविंद नारायण तिवारी, बीएमओ डॉ. के.एल. दीवान, डॉ. राजेश तिवारी, विजय दुबे सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर के कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पुलिस ने किया चोरी का खुलासा

**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र में चोरी के दो अलग-अलग मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी का माल भी बरामद किया है। पकड़ा गया शातिर चोर अपने ही पड़ोस में रहने वाली महिला के पीएम आवास में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। अमलाई थाना क्षेत्र के अमरा डंडी के पास रहने वाली महिला जानकी सिंह के पीएम आवास में बीते दिन सेंधमारी कर पड़ोस में रहने वाले शातिर चोर सुनील सिंह गोंड ने घर में रखी सामग्री और नकदी चोरी कर ली थी। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने इस शातिर चोर को पकड़ा। जिसके पास से चोरी का कुछ सामान जब्त कर वारदात में इस्तमाल किए गए गैती फावड़ा भी बरामद किया है। पुलिस ने एक और चोर पंकज सिंह को गिरफ्तार किया है। जो घर में घुसकर मोबाइल और जेसीबी के पाट्र्स की चोरी कर कांवड़ियों को बेच दिया था। जिसे भी पुलिस ने न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।



### इनका कहना है...

थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह चोरी हुई थी। जिसकी शिकायत पर दो चोरों को पकड़ कर कार्रवाई की गई है। पकड़े गए चोर के पास से चोरी का माल बरामद किया गया है।

**जे.पी.शर्मा थाना प्रभारी, अमलाई**

## अवैध रेत परिवहन करते वाहन धराया

**शहडोल।** जिले में रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन करते एक ट्रैक्टर को जैतपुर पुलिस ने चंद्रपुर स्कूल के पास से जब्त किया है। पुलिस को देखकर चालक फरार हो गया, पुलिस ने मामले पर आरोपी के विरुद्ध कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पुलिस को मुखबिर की सूचना मिली थी कि एक ट्रैक्टर जिसमें रेत लोड है। वो भाटिया से चंद्रपुर की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम चंद्रपुर स्कूल के पास पहुंची तभी सामने से एक नीले रंग का ट्रैक्टर पुलिस को आता दिखाई दिया, जिसमे रेत लोड थी। पुलिस को देखकर चालक वाहन से कूदकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी का पीछा भी किया। लेकिन आरोपी को पकडने में पुलिस नाकाम रही। जब्त ट्रैक्टर को पुलिस ने थाने में खड़ा करवा लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पता तलाश करने में पता लगा कि ट्रैक्टर में चालक अर्जुन गुप्ता था। जो पुलिस को देखकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध खनिज अधिनियम मोटर व्हीकल एक्ट एवं अन्य धाराओं के तहत कार्रवाई की है। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने गोहपारू पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप लगाते हुए श्री गौतम ने कहा कि पुलिस की शह पर गोहपारू थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े रेत का अवैध उत्खनन स्थानीय माफिया कर रहे हैं। आरोप लगाते हुए उन्होंने यह भी बताया कि थाना प्रभारी का चालक और एक आरक्षक थाना प्रभारी के कहने पर गोहपारू क्षेत्र में रेत माफियों से मिलीभगत कर दिनदहाड़े नदियों से अवैध खनन कर परिवहन कर रहे हैं। इसके बदले पुलिस मोटी रकम ले रही है।

**इनका कहना है...**

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई है। यह रेत कुनूक नदी से लोड कर ट्रैक्टर में उसका परिवहन किया जा रहा था, जिसे जब्त किया गया है और चालक फरार है, तलाश जारी है।

**रामकुमार गायकवाड़**
**थाना प्रभारी, जैतपुर**

### चोरी की सामग्री का भुगतान कर रहे शासकीय उपक्रम

# साहब...बगैर मुरूम खदान पंचायत में हो रही सप्लाई


**शहडोल।** जिले की जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत कंचनपुर भ्रष्टाचार के दलदल में आकण्ठ डूबा हुआ है, लेकिन उस पर अंकुश लगाने की बजाय जनपद स्तर के अधिकारी उदासीनता बरत रहे हैं। पंचायत में सरपंच व सचिव का राज चल रहा है। लाखों का बजट हर साल आवंटित हो रहा है, इसके बाद भी पंचायत का विकास नहीं हो पा रहा है। निर्माण कार्य, खरीदी के मामले, बिलों के भुगतान आदि में धांधली की जा रही है, लेकिन कभी भी मामलों की जांच पड़ताल नहीं की जाती है। सीईओ जनपद कभी भी मॉनीटरिंग नहीं करते, न ही बिलों के भुगतान में आपत्ति लगाते हैं। निर्माण कार्यों में मुरुम की धड़ल्ले से सप्लाई हो रही है, जो कि चोरी की है, उसमें भी कोई पूछताछ नहीं की जाती है।

## ...तो मुरूम बनाने का फार्मूला है

ग्राम पंचायत कंचनपुर में ओम ट्रेडर्स द्वारा मुरूम की नवीन आंगनबाड़ी भवन निर्माण के दौरान सप्लाई दी है, उक्त के संचालक द्वारा खदान न होते हुए भी 550 रूपये के हिसाब से 17600 रूपये की मुरूम की सप्लाई कंचनपुर पंचायत में दी है, जिले मे मुरूम खदान मौजूद नहीं है, इसके बावजूद फर्म संचालक धड़ल्ले से मुरूम की सप्लाई दे रहे हैं, इससे यह तो साफ होता है कि या तो मुरूम बनाने का फार्मूला उक्त सप्लायर के पास है या फिर ओम ट्रेडर्स द्वारा चोरी की मुरूम सप्लाई की जा रही है, हालाकि अगर मुरूम बनाने का फार्मूला ओम ट्ेरडर्स ने इजाद कर लिया है तो, उसे सार्वजनिक करना चाहिए, जिससे अन्य लोग भी बगैर खदान मुरूम की सप्लाई दे सके।

## आस्था ट्रेडर्स ने किया खेल

पंचायत के अंदर सचिव के चहेते बिना शासकीय प्रकिया पूरी किए वेण्डर बने बैठे हैं। मुरुम व अन्य मटेरियल सप्लाई करने वाली ओम ट्रेडर्स द्वारा बीते वर्षो में पंचायतों में निर्माण सामग्री की सप्लाई जमकर की है, इस दौरान रेत, गिट्टी, मुरूम सहित अन्य खनिज की भी सप्लाई की गई है, खनिज विभाग अगर जनपद से ओम ट्रेडर्स द्वारा लगाये गये बिलों की जांच करवाये तो, भ्रष्टाचार सहित चोरी का खुलासा हो सकता है, खनिज विभाग अगर पंचायत या वेण्डर से रॉयल्टी की मांग कर ले तो, पूरे मामले से पर्दा उठ सकता है, आश्चर्य की बात तो यह है कि जब जिले मे मुरूम खदान नहीं है तो, आखिर ओम ट्रेडर्स यह मुरूम आखिर कहां से ला कर सप्लाई दे रहे हैं।




## सो रहा खनिज विभाग

जिले में शायद खनिज विभाग का कार्यालय भी संचालित हो रहा है, लेकिन लगातार शासकीय उपक्रमों में चोरी के खनिज सप्लाई के चलते ऐसा लगने लगा है कि यह विभाग शायद ही जिला मुख्यालय में है, जिला मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायतों में गौण खनिज का उपयोग बीते वर्षों में धड़ल्ले से हुआ है, संभवतः कुछ रॉयल्टी और कुछ चोरी का खनिज भी सप्लाई हुआ है, लेकिन विभाग कभी भी स्वतः संज्ञान लेने को तैयार नहीं रहता, उसे किसी की शिकायत का इंतजार रहता है, शिकायत करने वाला अपने ही गांव वालों से विवाद मोल ले और विभाग के जिम्मेदार इसके बावजूद कार्यवाही करेंगे, इसकी कोई गारंटी नहीं है, कुल मिलाकर खनिज विभाग गहरी नींद में सो रहा है और पंचायत चोरी का माल खप रहा है।

## इनका कहना है...

हमारे बिल सीमेंट, राड, गिट्टी में लगते हैं, हमारे बिल इनमें नहीं लगते हैं।

**संचालक**
**ओम ट्रेडर्स**

## खबर संक्षेप

### लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में राजस्व संग्रहण करने वाले विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित विभाग वार्षिक लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करें । आपने कहा कि विभिन्न निर्माण विभागों व्दारा ठेकेदारों से जो खनिज मद की राशि वसूली जाती है, की जानकारी खनिज विभाग को देना सुनिश्चित करें । इसी तरह राजस्व विभाग व्दारा लक्ष्य के अनुरूप वसूली करने हेतु अभियान चलाएं तथा एक सप्ताह के भीतर लक्ष्य प्राप्त करना सुनिश्चित करें । कलेक्टर ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि फार्मर रजिस्ट्री , आर ओ आर तथा गिरदावली का कार्य 10 मार्च तक पूरा करें । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी आ नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , अंबिकेश प्रताप सिंह , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### तत्परता से भेजे विधानसभा प्रश्नों का उत्तरः कलेक्टर



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में विधानसभा प्रश्नों की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए है कि प्रश्नों का उत्तर समय सीमा में तत्परता से भेजना सुनिश्चित करें । आपनें न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रकरणों का जवाब न्यायालयों में समय पर प्रस्तुत कर दिया जाए तथा उसकी जानकारी कलेक्ट्रेट कार्यालय के एसडब्ल्यू शाखा को अनिवार्य रूप से दी जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी आ नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , अंबिकेश प्रताप सिंह , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन

**जमुना/बदरा।** आचार्य मृदुल बिहारी महाराज राष्ट्रीय प्रवक्ता हरिद्वार द्वारा संगीत श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ एवं महा शिवपुराण शिव मंदिर कोऑपरेटिव सब्जी मंडी जमुना कॉलोनी में 4 मार्च तक के लिए चल रहा है जिसमें प्रवचन और संगीत में कार्यक्रम देखने लोगों की भीड़ हो रही है। शिव मंदिर पुजारी प्रदीप महाराज के द्वारा मिली जानकारी से महाशिवपुराण कथा सम्मिलित लोग सभी तरह का सहयोग प्रदान कर रहे हैं और 5 मार्च को हवन होने के पश्चात भंडारे प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। राहुल शिक्षक एवं जमुना बस्ती के युवा एवं बुजुर्ग लोग की सेवा सराहनीय देखी गई।

### परीक्षा देने के कोतमा आई छात्रा के अपहरण की आशंका

कोतमा । कोतमा थाना अंतर्गत पथरौडी गांव से परीक्षा देने के लिए कोतमा आई कक्षा दसवीं की छात्रा के अपहरण की आशंका का मामला सामने आया है। छात्रा के परिजनों द्वारा स्कूल, बाजार सहित अन्य संभावित जगहों में पता तलाश की गई जिसके बाद भी न मिलने पर मायूस होकर थाने में सूचना दर्ज कराई गई है। पुलिस छात्रा की पता तलाश में जुट गई है।

### शांति भंग का आरोपी हुआ गिरफ्तार

**कोतमा।** कोतमा नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक एक निवासी कोमल यादव 25 पिता नारायण के द्वारा सोमवार को अपने घर एवं बाहर वार्ड में हंगामा करते हुए लोगों को गाली गलौज कर शांति भंग कर रहा था। हंगामे की सूचना वार्ड वासियों द्वारा पुलिस को दी गई।

## संगीतमय वंदेमातरम गायन के साथ की गई शासकीय काम काज की शुरूआत



**उमरिया।** संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की उपस्थिति में संगीतमय वंदेमातरम, जन गण मन तथा मध्यप्रदेश के गायन के साथ शासकीय काम काज की शुरूआत की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , अंबिकेश प्रताप सिंह , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## चेहरों पर पेंटिंग बनवाकर दिया वन्यजीव संरक्षण का संदेश



**उमरिया।** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओ की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा फेस पर वनस्पतियों के चित्र बनाकर संरक्षण संकल्प लिया। वन्यजीवों और पौधों का जश्न मनाने के लिए हर वर्ष 3 मार्च को विश्व वन्यजीव दिवस मनाया जाता है।युवाओ अपने चेहरों पर बाघ, तेंदुओं, हाथी जैसे जानवरों की पेंटिंग बनवाकर वन्यजीव संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण महज वन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। जिस तरीके से देश-दुनिया में वन्यजीवों की संख्या तेजी से घट रही है उसे देखते हुए वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सबको आगे आना होगा।उन्होंने कहा कि वन्यजीव सप्ताह में युवाओं के लिए यही संदेश है कि वे पशु अधिकारों के पैरोकार बनें। जानवरों को भी दुव्यवहार, शोषण या विनाश के डर के बिना अस्तित्व का अधिकार है। वन्यजीव संरक्षण हमारे स्वभाव में निहित है और हमेशा हमारी परंपरा और संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है।उद्देश्य वन्य जीवन, जैव विविधता के बारे में जागरूकता पैदा करना और प्रकृति के नजदीक रहकर पर्यावरण के लिए जीवन शैली की अवधारणा को बढ़ावा देना है।वन्य जीवन से छेड़छाड़ न करने और प्राकृतिक संतुलन बनाने की अपील की।जीव नहीं होंगे तो वन भी सुरक्षित नहीं रहेंगे और वन नहीं होगे तो मनुष्य जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।इस दौरान पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी,पर्यावरण मित्र खुशी सेन,लक्ष्मी महोबिया, खुशबू बर्मन, महक सोनी,साक्षी रैदास,सुनैना ,प्रजापति सुहाना महोबिया एवं सभी उपस्थित रहे।



## हितग्राहीमूलक योजनाओं तथा विभिन्न विभागों व्दारा वार्षिक भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करनें के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में जिले के समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए है कि वित्तीय वर्ष अंतर्गत उनके विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य अनिवार्य रूप से प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि जिन विभागों द्वारा हितग्राही मूलक योजनाओं तथा स्वरोजगार योजनाओं का संचालन किया जाता है, उनके भी भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करें । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी आ नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , अंबिकेश प्रताप सिंह , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## छात्रावासों के निरीक्षण के लिए कलेक्टर ने तैनात किए नोडल अधिकारी



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में बताया कि जिले में संचालित अनुसूचित जाति, जन जाति , प्री मैट्रिक तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रावासों एवं आश्रमों के निरीक्षण हेतु जिला स्तर से नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है । सभी नोडल अधिकारी संबंधित संस्थाओं का भ्रमण करें, वहां विद्यार्थियों से प्राप्त होने वाली सुविधाओं की जानकारी लें । भोजन ,पुस्तकालय, खेल व्यवस्था, बिस्तरों व्यवस्था एवं साफ सफाई तथा छात्रावास परिसर की साफ सफाई , शौचालय एवं किचन की साफ सफाई का भी वृहद निरीक्षण करें । छात्रावासो में उपलब्ध मद का उपयोग छात्रावास की व्यवस्था में व्यय करने हेतु संबंधित अधीक्षक को प्रेरित करें । जो भी कमियां पाई जाती है उसका प्रतिवेदन सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को दें तथा पूर्व में किए गए निरीक्षण का पालन प्रतिवेदन भी भेजना सुनिश्चित करें । बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी आ नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले , अंबिकेश प्रताप सिंह , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक संपन्न



**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में समय सीमा की साप्ताहिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर व्दारा सीएम हेल्पलाइन, समय सीमा के पत्रों की समीक्षा करते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण किया जाए । समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आवेदनों, आयुक्त शहडोल संभाग कार्यालय से प्राप्त आवेदनो तथा जनसुनवाई, न्यायालयीन प्रकरणों, मानवाधिकार के पत्रों, फैक्ट न्यूज आदि की समीक्षा करते हुए जिला प्रमुख अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी दायित्वों का निर्वहन समय सीमा में अनिवार्य रूप से करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी आ नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

## अब सहायक कहे जायेंगे कोल इंडिया के जनरल मजदूर

### नौ दिसंबर को जेबीसीसीआई मानकीकरण कमेटी की बैठक में बनी थी सहमति

**राजनगर।** कोल इंडिया और इसकी अनुषंगी इकाइयों में कार्यरत जनरल मजदूर अब जनरल असिस्टेंट कहे जायेंगे। पदनाम परिवर्तन के बारे में आदेश शुक्रवार को कोल इंडिया के महाप्रबंधक (श्रम शक्ति एवं औद्योगिक संबंध) गौतम बनर्जी के हस्ताक्षर से जारी हुआ। इसमें कहा गया है कि जेबीसीसीआई-11 की चैथी मानकीकरण कमेटी की बैठक में यह मुद्दा उठाया गया था। कोल इंडिया ने अब इस पर सहमति दे दी है। मालूम हो कि अभी कोल इंडिया में जितनी नयी बहालियां हो रही हैं। उसमें डिप्लोमाधारी, डिग्रीधारी, एमबीए, ग्रेजुएट, एमए पास युवक बहाल हो रहे हैं। ऐसे में पढ़े-लिखे युवक अपने आपको मजदूर कहलाना पसंद नहीं करते हैं। कोल इंडिया की टेक्निकल सब कमेटी की बैठक 25 जनवरी को कोलकाता में हुई थी। उस बैठक में मजदूर संगठनों के नेताओं ने इस मामले को उठाया था। नौ दिसंबर को रायपुर में हुई जेबीसीसीआई मानकीकरण कमेटी की बैठक में जनरल मजदूर के बजाय जनरल असिस्टेंट नाम रखने पर सहमति बनी थी, इससे जनरल मजदूरों में हर्ष है।

### बंदरों के कारण दहशत में लोग

**कोतमा।** सोमवार को नगर के बाजार एरिया के विभिन्न वार्डों सहित बस्ती में आधा दर्जन से ज्यादा बंदरों का उछल कूद बना रहा। बंदरों के द्वारा नगर के पुराने अस्पताल, स्टेशन चौक, सब्जी मंडी, रेलवे कॉलोनी के घरों की छत एवं पेड़ों में दिन भर बने रहे। इस दौरान बच्चों की भीड़ बंदरों की गतिविधियां देखने लगी रही। बच्चों के द्वारा केले सहित ब्रेड, बिस्कुट भी खाने को दिया। व्यापारियों द्वारा सूचना वन विभाग के मातहत कर्मचारियों को दी गई। जिसके बाद बाजार एरिया बिजुरी रेंज का होना के कारण कोई भी स्टाफ नजर नहीं आया। बंदरों की छतों में धमक भरी हरकतों से नगरवासी पूरे दिन दहशत में रहे ।

### जान से मारने की धमकी की शिकायत दर्ज

**कोतमा।** थाना अंतर्गत पैरीचूहा गांव में रहने वाले राकेश तिवारी 26 वर्ष ने रोशन सिंह गोंड सहित अन्य लोगों के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट करने व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत मेडिकल व कथन उपरांत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच कर रही है। बताया जाता है कि पूर्व से भी रंजिश बनी हुई थी इसके बाद पुनः वाद विवाद के बाद हाथापाई की घटना घटित हुई।

## बरतराई भूमिगत खदान में दी गई सुरक्षा नियमों की जानकारी



**राजनगर।** रामनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आमाडांड उपक्षेत्र के बरतराई भूमिगत खदान में सोमवार को सुबह जनरल पाली एवं रिले ए पाली को प्रतिदिन की तरह सुरक्षा प्रार्थना, सुरक्षा शपथ, सभी श्रमिकों एवं माईनिंग स्टाफ को दिलाई गई। इस दौरान रिले ए पाली प्रभारी खेल प्रकाश साहू द्वारा कार्य के दौरान जल्दबाजी व लापरवाही न करते हुवे कार्य को सही ढंग से करने के बारे में अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही सुरक्षा के पांच नियमों के बारे में जो हर काम लागू होता है। इसके बारे में सभी लोगों को विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही सभी श्रमिकों को अपने-अपने कार्य के दौरान खतरों व कार्यस्थल को भली भांति निरीक्षण करने के पश्चात ही सतर्कता पूर्वक कार्य करने के लिए कहा गया। इस दौरान माईनिंग स्टाफ एस.के. पासवान खान सुरक्षा अधिकारी, नरेश कुमार रोहिदास पैनल इंचार्ज, प्रकाश उरकुंडे पैनल इंचार्ज, स्वप्निल गनवीर पाली प्रभारी रिले ए, युशुफ साहू संवातन अधिकारी, ओवरमैन मो.हसनैन, प्रदीप कुमार, माइनिंग सरदार दीप नारायण प्रजापति, नीरज केवट, सुधा दास, सुरेंद्र कुमार, तथा महेंद्र गुप्ता, अनिल अग्रवाल लैंप रूम इंचार्ज, मिथिलेश यादव (समय पाल), मोहम्मद गुलशेर, शिवप्रसाद, लाल दास, राजेंद्र शर्मा, ललन राम, सियाराम, रोहित कुमार किशन लाल एवं अन्य सभी श्रमिक उपस्थित रहे।

## भालूमाड़ा पुलिस ने विक्षिप्त महिला के साथ दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



**भालूमाड़ा।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे, अति. पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी तथा अनु.अधि. कोतमा (पुलिस) श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना भालूमाड़ा की टीम द्वारा अप.क्र. 84/2025 धारा 64, 64(2)K, 351(3) बीएनएस 3(2)V एससी/एसटी एक्ट के फरियादी राम प्रसाद पिता जयलाल (काल्पनिक नाम) उम्र 65 वर्ष निवासी वार्ड नं0 10 भालूमाडा थाना भालूमाडा जिला अनूपपुर का अपनी लडकी सुहानी उर्फ नीरा (काल्पनिक नाम) एवं पत्नी के साथ उपस्थित थाना आकर रिपोर्ट किया की मेरी विक्षिप्त लड़की के साथ परसादी केवट उर्फ बाबा के व्दारा यह जानते हुए कि मेरी लड़की विक्षिप्त है एवं अनुसूचित जाति वर्ग की है उसके साथ लगातार गलत काम (बलात्कार) कर 6 - 7 माह का गर्भवती करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान आरोपी रामप्रसाद केवट उर्फ परसादी उर्फ बाबा पिता विजय केवट उम्र 67 वर्ष निवासी गेट दफाई भालूमाडा का पता तलाश कर भालूमाडा से गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है जहाँ से आरोपी को न्यायिक हिरासत में जिला जेल अनूपपुर भेजा गया है।

## संजय पटेल के विरुद्ध 30 दिन में जबाव देने का जारी हुआ नोटिस

**ज़मुना/बदरा।** क्षेत्र के कोयला मजदूर सभा एवं एचएमएस के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला एवं उनके संघ के पदाधिकारी स्वप्निल पांडेय को बदनाम किये जाने के साजिश के तहत संजय कुमार पटेल के द्वारा एक समाचार पत्र मे एसईसीएल के कंपनी आवास मे अवैध कब्जा किये जाने एवं किराये पर देने का लेख प्रकाशित करवाया गया था और सोशल मीडिया मे अपने संघ सदस्य राम निवास पटेल द्वारा वायरल करवाया गया था। समाचार पत्रो के माध्यम से साजिशवश झूठा आरोप और पूरे संभाग मे बदनाम किये जाने के इस कृत्य से क्षुब्ध होकर श्री शुक्ला ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से संजय पटेल, राम निवास पटेल एवं पत्रकार के विरुद्ध पंजीकृत नोटिस जारी करवाया की इस नोटिस के प्राप्त होने के 30 दिवस के अंदर कार्यार्थी को लिखित स्पष्टीकरण और प्रमाण दिया जाय अन्यथा श्रीकांत शुक्ला द्वारा संभाग के समस्त थाना मे एफ आई आर दर्ज करवाया जायेगा। पुलिस द्वारा कार्यवाही न होने पर माननीय अदालत मे उक्त सभी के विरुद्ध सक्षम न्यायालय मे व्यवहारवाद एवं अपराधवाद प्रस्तुत करेगा जिसका संपूर्ण व्यय एवं हर्जाने की जिम्मेवारी उक्त तीनों की होगी।



## सड़कों के मध्य गिरे गिट्टी व रेत से लोग हो रहे चोटिल

**बिजुरी।** नगर पालिका परिषद बिजुरी वार्ड क्रमांक 9 कस्तूरबा मार्केट के पीछे वाली गली के मध्य रास्ते में किसी भवन निर्माण करता द्वारा गिट्टी व रेत गिरा दिये जाने से रास्ते से गुजरने वाले राहगीर आए दिन चोटिल हो रहे हैं, जिससे लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है, निर्माण कार्य करना तो ठीक है मगर निर्माण कार्य से किसी अन्य को कोई को समस्या ना हो यह ध्यान देना बहुत जरूरी होता है, मगर यहां पर निर्माण करता द्वारा रास्ते के मध्य में ही गिट्टी व रेत गिरा दिये जाने से लोगों के लिए समस्या पैदा कर दी गई है, नगर पालिका परिषद को चाहिए कि नगर में इस प्रकार से चल रहे निर्माण कार्यों की जांच करते हुए जो दूसरों के लिए समस्या बन रहे हैं तत्काल कार्यवाही करते हुए सड़कों के मध्य गिरे हुए गिट्टी व रेत को समुचित व्यवस्था करने का आदेश दें जिससे लोगों को हो रही दुर्घटना से बचाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची पुनरीक्षण हेतु नियुक्त प्रेक्षक के लिए लायजनिंग आफिसर एवं स्टेनो नियुक्त

**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने आदेश जारी किया है कि म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जिला शहडोल की नगर परिषद खांड की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण वर्ष 2025 की कार्यवाही हेतु रा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) मदनलाल कौरव मो. नं. 9425028818 को इस जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। नियुक्त प्रेक्षक 07 मार्च 2025 से 12 मार्च 2025 तक नगरपरिषद खांड जिला शहडोल में भ्रमण पर रहेंगे। प्रेक्षक के लिए लायजनिंग ऑफिसर अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग ब्यौहारी श्री एम पी सिंह एवं स्टेनों कार्यालय अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मण्डल शहडोल श्री उमाकांत वर्मा को नियुक्त किया गया है।

### पटरी से उतरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सफाई व्यवस्था


**शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर में करोड़ो की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन मे ढ़ेरो समस्याए दिन-प्रतिदिन सामने आ रही थी, बीते दिनों जयसिंहनगर विधानसभा विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने भी जयसिंहनगर भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर अस्पताल मे व्यपात अव्यवस्थाओ को लेकर रोष व्यक्त करते हुए सीएचएमओ को साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया था। 01 मार्च को मोबाइल मेडिकल यूनिट के शुभारम्भ के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर में पहुंची भाजपा जयसिंहनगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती जयश्री कचेर एवं भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओ ने अस्पताल का निरीक्षण किया साथ ही अस्पताल मे मरीजों एवं उनके परिजनों से चर्चा की जिसमे मुख्य रूप से साफ-सफाई की कमी से अस्पताल मे चारो तरफ व्याप्त गंदगी से हो रही समस्या का मुद्दा मुख्य रूप से सामने आया। साफ-सफाई के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयसिंहनगर के बीएमओ से पूछे जाने पर बीएमओ के.एल.दीवान ने बताया की वर्तमान मे अस्पताल में ठेकेदार द्वारा 13 कर्मचारियों की भर्ती ग्रुप डी के तहत की गई है, लेकिन भर्ती के माध्यम से अस्पताल परिसर मे कार्यरत कोई भी कर्मचारी साफ-सफाई की व्यवस्था में कार्य करने का इक्छुक नहीं है, जिसकी जानकारी कई बार भर्ती किए गए कर्मचारियों के ठेकेदार को दी गई है, वहीं संबंधित विषय पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने ठेका कंपनी के सुपरवाइजर से बात की तो उन्होंने भी भर्ती कर्मचारियों का पक्ष लेते हुए अस्पताल परिसर की साफ सफाई व्यवस्था के प्रति नियमों का हवाला देते हुए मामले मे लीपापोती का प्रयास किया। मंडल अध्यक्ष द्वारा सीएचएमओ को पूरे मामले से अवगत कराते हुए सुपरवाइजर द्वारा दी गई प्रतिक्रिया की जानकारी देते हुए अस्पताल परिसर की साफ-सफाई की मांग की, जिसपर सीएचएमओ द्वारा बीएमओ जयसिंहनगर को आवश्यक कार्यवाही के दिशा निर्देश दिया गया हैं। मंडल अध्यक्ष ने बताया की विगत कई दिनों से नव निर्मित भवन मे साफ-सफाई ना होने से गंदगी का अम्बार लगा हुआ है, भवन की दूसरी मंजिल पर अस्पताल का सारा कचरा पड़े रहने की जानकारी प्राप्त हो रही थी, बताया जा रहा था कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा कई बार उक्त सम्पूर्ण कचरा को एकत्रित कर परिसर को कचरा मुक्त करने के लिए नगर परिसद जयसिंहनगर सीएमओ को सूचित किए जाने के बाद भी नगर परिषद जयसिंहनगर प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही उक्त दिशा मे ना किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी, निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर मे गंदगी की बात स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की मनमानी, इलाज के नाम पर मरीजों से करते हैं पैसे की मांग

# आशीष के खाते से अनुराग अपने फोन पे कराया 12 सौ का ट्रांजैक्शन








बुढार।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हमेशा किसी न किसी कारण से सुर्खियों में रहता है जहां सोमवार को एक मरीज के इलाज के लिए पैसे की मांग करते हुए उसका इलाज करने से मना कर दिया जिसकी शिकायत स्वास्थ्य मेडिकल अधिकारी से की गई है। हुआ.यह था कि तीन दिन पहले ग्राम कटकोनी निवासी तुलाराम पनिका सड़क दुघर्टना में मारुति नंदन तिराहे के घायल हो गया था जिसकी प्रथामिक इलाज प्रथम दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरहम पट्टी की गई और दो दिनों से एक्स-रे के लिए चिकित्सको के द्वारा इधर उधर भटकाया जा रहा था दर्द से कहरते हुए पुनः सोमवार 3 मार्च को जब मरीज अस्पताल गया तो उसे एक्स-रे के लिए बाहर से करने की सलाह डियुटी के दौरान चिकित्सक अनुराग पांडेय ने बाहर भेज दिया जब म एक्स-रे करा कर वापस पुनः चिकित्सक के पास आया तो उन्होंने कहा कि पैर की हड्डी टुट गई है पक्का प्लास्टर करना होगा उसके लिए तुम्हें 18 सौ रुपए देने होंगे मरीज गरीब था उसके पास इतने पैसे नहीं थे घंटों उसे अस्पताल में बैगर इलाज किये घंटों बैठये रखें।

### पैसे मिलने पर बुलाया चिकित्सक को

सब जानते हुए भी डाक्टर डियूटी के दौरान पैसे के लिए मोल-भाव करने लगे 18 सौ की जगह 12 सौ में बात तय हुई और जब उन्हें पत्रकार आशीष नामदेव के पर्सनल फोन पे से 12 सौ प्राप्त हो गये तब अपने सहयोगी चिकित्सक सौरभ सिंह को बुलाकर मरीज़ की जांच कराई लेकिन जब तक यह बात हवा की तरह अस्पताल में फैल गई तो डाक्टर अनुराग सिंह ने पैसा बापस कर दिया और मरीज का प्लास्टर बहाने बना कर चार दिनों के बाद आने के लिए परामर्श कर दिया।

### इनका कहना

इस बात की शिकायत जिला स्वास्थ्य अधिकारी से की गई तो उन्होंने कहा कि यह ग़लत है आप हमें मरीज की डिटेल भेजिये हम जांच करेंगे।

**राजेश मिश्रा सीएच एम ओ शहडोल**

ब्लाक मेडिकल अधिकारी को जब इस बात की जानकारी दी गई तो उन्होंने आनन-फानन में शोकाज नोटिस जारी कर डाक्टर अनुराग पांडेय से जबाब मांगा है और जांच करने का आश्वासन दिया है।

# सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का समय पर करें निराकरण



### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक संपन्न

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सीएम हेल्पलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के साथ एवं समयसीमा मे निराकरण किया जाए। शिकायतों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए हैं कि शिकयतों के निराकरण हेतु अधिकारी शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें, शिकायत को समझें तथा निराकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में शिकायत अनअटेंडेड न रहे अधिकारी शिकायत को अटेन्ड करें तथा सतुष्टिपूर्वक शिकायत का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने राजस्व विभाग में लंबित शिकायतों के निराकरण की भी समीक्षा की तथा राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व से संबंधित लंबित शिकायतों का तेजी से निराकरण किया जाए। कलेक्टर ने समस्त एसडीएम तथा तहसीलदार को निर्देश दिए कि 50 एवं 100 दिवस से अधिक दिन से लंबित सीमांकन, बटांकन, नक्शातरमीम सहित अन्य राजस्व की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाए। उन्होनें समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिए कि वे शिकयतों के निराकरण हेतु शिकायतकर्ता से मिलें तथा मौके पर जाकर शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर ने विधानसभा सत्र में जिले से संबंधित प्रश्नों के विषय में जानकारी ली तथा प्रश्नों के शीघ्र जवाब प्रेषित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग, ऊर्जा विभाग,जल संसाधन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, वित्त विभाग, सहकारिता विभाग सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, सहायक कलेक्टर सौम्या आनन्द, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधिकारी शिकायत का तत्परता से करें निराकरणः कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों को विभिन्न स्थलों पर आम जनता की शिकायतों को सुनने तथा उनका निराकरण करने के निर्देश दिए है। उन्होने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण संबंधित अधिकारी तत्परता से करते हुए जिला स्तर से बनाएं गए पोर्टल पर निराकरण दर्ज कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, अपर कलेक्टर शिवगोविंद सिंह मरकाम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश नीरज, एसडीएम पाली टी.आर. नाग, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, अंबिकेश प्रताप सिंह , हरनीत कौर कलसी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे ।

### वन परिक्षेत्र कोर अंतर्गत मिला तेंदुआ का शव

**उमरिया।** उप संचालक बांधवगढ टाईगर रिजर्व ने बताया कि एक वन्यजीव तेंदुआ की मृत्यु की घटना, जिसका स्थल वनभूमि कक्ष कमांक आर.एफ-449 बीट सेहरा अ वनपरिक्षेत्र पनपथा कोर के अन्तर्गत प्रकाश में आई। जिस पर एनटीसीए नई दिल्ली एवं कार्यालय मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक भोपाल से जारी दिशा-निर्देश अनुरूप त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल को सुरक्षित किया गया व डॉग स्क्वाड की सहायता से घटना स्थल एवं उसके आस-पास छानबीन की कार्यवाही की गई। डॉग स्क्वाड की सहायता से छानवीन करने पर घटना स्थल के नजदीक धोबिन के पेड़ पर तेंदुये के चढने के निशान तथा नर बाघ के पंजों के निशान पाये गये। संभवतः तेंदुए की मृत्यु का कारण बाघ द्वारा मारा जाना है। पोस्टमार्टम विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सकों के नाम डॉ. वैभव शुक्ला, पशु चिकित्सक वन विभाग कार्यालय भोपाल , डॉ. विपिनचन्द्र आदर्श, पशु चिकित्सक मानपुर के द्वारा किया गया है। वन्यजीव तेंदुआ के शरीर के सभी अंग नहीं पाये गये, जिसके खोजबीन के लिए जांच जारी है।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ महिला बाल विकास ने निकाली जागरूकता रैली



बुढार।

सोमवार को महिला बाल विकास विभाग के द्वारा नगर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने पर नगर में जागरूकता रैली निकाली गई । जागरूकता कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी राम कुमारी पांडेय पर्यवेक्षक प्रियंका द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी शहडोल मनोज लारोकर के नेतृत्व में कन्या छात्रावास बुढ़ार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 22 जनवरी से 8 मार्च तक चल रहे कार्यक्रम के तहत 3 मार्च को कन्या छात्रावास की बालिकाओं की एनीमिया एवम्स्वास्थ्य जॉच कराई गई एनीमिया के साथ-साथ सिकल सेल एनीमिया की भी जांच कराई गई बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता पॉस्को एक्ट महिला कानून महिला अधिकार और हेल्पलाइन नंबर के विषय में जानकारी दी गई स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के साथ-साथ सेक्टर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एक लाख बीस हजार बिजली विभाग ने वसूला



**बुढार।** मध्यप्रदेश विधुत वितरण सप्लाई सव डिसीजन के अंतर्गत धनपुरी वितरण केंद्र के विधुत बकायादारों के द्वारा समय से बिजली बिल न जमा करने की स्थिति में लाइन विच्छेद कर बसूली की जा रही है। सहायक अभियंता सुभाष सेन के निर्देशन में कनिष्ठ अभियंता धनपुरी अजीत श्रीवास्तव के द्वारा बकाया राशि वसूली हेतु ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए खैरहा क्षेत्र के गरफादिया,करकटी, के विधुत बकायादारों से 37 उपभोक्ताओं की बकाया राशि 3 लाख में से 1 लाख 20 हजार बसूल कर विद्युत विभाग ने वसूली की इसके अलावा 37 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए जिसमें 3 लाख रुपए बकाया राशि थी इसी प्रकार 34 उपभोक्ताओं में 1 लाख 20 हजार वसूल भी किया गया कुछ उपभोक्ताओं के विरुद्ध धारा 138 के तहत 6 पंचनामा तैयार किया गया, विधुत विभाग की इस कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप व्याप्त है। सहायक अभियंता सुभाष सेन ने बताया कि आगे भी इसी तरह बिजली बकायादारों से राजस्व बसूली के लिए कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

सफाई कर्मियों का हो रहा शोषण, हेल्थ कार्ड भी नहीं बना

# स्वच्छता ग्रेडिंग में पिछड़ा नगर, स्वच्छता प्रभारी लापरवाह

शहडोल।

नगर की स्वच्छता व अनिवार्य नागरिक सेवाओं के लिए संचालित नगरपालिका कड़े अनुशासन के अभाव में भर्रेशाही का शिकार हो चुकी है। सीएमओ तो स्वयं ही कभी कार्यालय नहीं जाते हैं, यहां संभागीय संयुक्त संचालक भी पदस्थ हैं, उनके द्वारा भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वे भी अपने चेम्बर में केवल बैठे रहना पसंद करते हैं और यथास्थिति बनाए रखना चाहते हैं।



नगरपालिका का सफाई अभियान फिसड्डी हो चुका है। स्वच्छता प्रभारी न तो कभी फील्ड में निकलते हैं और न सफाई का जायजा लेते हैं। सफाई का सारा जिम्मा दरोगा पर छोड़ दिया गया है। सफाई कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी उपकरण भी प्रदान नहीं किए जाते हैं। जानकारी मिली है कि स्वास्थ्य कर्मचारियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हेतु शासन से आदेश हैं, इनका विधिवत हेल्थ कार्ड बनना चाहिए। लेकिन ऐसा कुछ नहीं है, नगरपालिका के अधिकारियों ने व्यवस्था की ओर से मुंह फेर रखा है।

### ग्रेडिंग में पिछड़ा मुख्यालय

सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने के कारण ही संभाग मुख्यालय स्वच्छता सर्वेक्षण की ग्रेडिंग में काफी पिछड़ गया है। इससे अच्छी स्थिति छोटे नगरीय निकायों की सफाई व्यवस्था की है। संयुक्त संचालक भी इस बात की नोटिस नहीं कर रहे हैं कि मुख्यालय की 39 वार्डों वाली नगरपालिका निकम्मी नौकरशाही के चलते किस तरह फिसड्डी होती जा रही है। वे यदि स्वयं सुबह कभी नगर का जायजा लेने भ्रमण पर निकलें तो स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। नगर के मुख्य मार्गों और अफसरों के बंगलों के आसपास छोडक़र कहीं भी झाड़ू नहीं लगाई जाती है। नालियां मलबे से पटी बजबजा रहीं हैं लेकिन सफाई नहीं हो रही है। स्वच्छता प्रभारी लगभग दो दशकों से इसी नगरपालिका में पदस्थ हैं और अब तो वे एक आलीशान आवासीय इमारत के मालिक भी बन चुके हैं।

### स्वास्थ्य परीक्षण में लापरवाही



नगरपालिका के सफाई कर्मियों की संख्या लगभग 120 बताई जाती है। चूंकि यह कर्मचारी रोजाना धूल मिट्टी व गंदे स्थानों के संपर्क में रहते हैं, इनके संक्रमित होने और गंभीर रोगों से ग्रसित होने की संभावना बनी रहती है, इसलिए शासन ने कुछ वर्षों पूर्व यह प्रावधान किया था कि सफाई क र्मियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए और इनका हेल्थ कार्ड बनवाया जाए। लेकिन शुरू मं एक दो बार प्रक्रिया का पालन कर इसके बाद छुट्टी पा ली गई। आज तक इनका हेल्थ कार्ड नहीं बना, अब तो शायद स्वच्छता प्रभारी भी यह भूल गए होंगे कि इनका कार्ड बनवाना था। स्वच्छता प्रभारी से पूछताछ की जा सकती है।

### स्वच्छता संबंधी नहीं मिलता किट

सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता संबंधी किट जैसे मास्क, ग्लब्स, गमबूट आदि दिए जाने चाहिए, साथ ही इनके लिए सफाई उपकरण झाड़ू, बेलचा, फावड़ा आदि भी प्रदान किया जाना चाहिए। लेकिन इन्हे यह सामान भी नहीं दिया जाता है। सुबह मौके पर कुछ कर्मचारी गमछा बांधे सफाई करते नजर आते हैं। उनके हाथों में ग्लब्स भी नहीं होते हैं। जानकारी के अनुसार जब बड़े अधिकारी बाहर से जांच पड़ताल करने आते हैं तो आनन-फानन इन्हे किट दे दी जाती है। काम खतम होने पर वह किट जमा करा ली जाती है। जबकि ऐसी किट इन्हे समय समय पर प्रदान की जानी चाहिए और इन सबका शासन से बजट प्रदान किया जाता है। कभी कभी इन सामानों की सीधे शासन स्तर से भी सप्लाई कर दी जाती है।

### पैसा वसूल रहे, धमकी दे रहे

एक सफाई कर्मचारी ने बताया कि स्वच्छता प्रभारी हमेशा सफाई कर्मचारियों को धमकाते रहते हैं, उनकी जबरिया ड्यूटी काट कर उनका वेतन कटवा देते हैं। उनकी मंशा रहती है कि स्वास्थ्य कर्मचारी हर माह अपने वेतन में से उन्हे कमीशन दें। कई कर्मचारियों से वे हर माह पैसा वसूलते हैं, स्वच्छता प्रभारी के रवैये से सफाई कर्मी स्वयं ही पीड़ित हैं। पूर्व में सफाई व्यवस्था के लिए जोन बनाए गए थे, अब इस व्यवस्था का कड़ाई से पालन नही किया जा रहा है। इसका कारण यह है कि नगरपालिका के अधिकारियों को अब सफाई व्यवस्था से कोई सरोकार नहीं रह गया है। संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन से आशा है कि वे ही इस संबंध में हस्तक्षेप कर नगरपालिका को सुधारों की याद दिलाएंगे।

## खबर संक्षेप



### यातायात पुलिस ने तीन नशेडी ट्रक चालकों पर की कार्यवाही

**अनूपपुर।** सड़क दुर्घटना दुर्घटनाओ का मुख्य कारण तेज गति एवं शराब के नशे में वाहन चलाना है जिसे रोकने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अनूपपुर की ओर से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत यातायात पुलिस द्वारा कल तीन ट्रक चालकों को चेकिंग दौरान नशे की स्थिति में वाहन चलाते पाया। ट्रक क्रमांक RJ 14 GP 5335 चालक अमित सिंह ट्रक क्रमांक RJ 34 GA 2385 चालक अनीश ट्रक क्रमांक CG 10 AB 1672 चालक आनंद कुमार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किए जो न्यायलय द्वारा 39000 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त तेज गति से वाहन चलाने वालों पर कार्यवाही करते हुए जुर्माना लगाया गया।

### मार्कंडेय आश्रम में अमरकंटक संत मण्डल की बैठक संपन्न



**अमरकंटक ।** पवित्र नगरी अमरकंटक में अमरकंटक संत मण्डल के द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित किया गया जिसमें संत मण्डल के संरक्षक आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मऋषि राम कृष्णा नंद जी महाराज एवं नर्मदा नंद जी महाराज के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई जिसमें नगर के सभी संतों आश्रमों के संरक्षण का महत्वपूर्ण विषय तथा आने वाले आगामी व्रत त्योहार पर संत समाज अपनी-अपनी प्रतिक्रिया व्यक्ति की सनातन धर्म से जुड़ी सभी त्यौहार को बड़े ही सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ मनाया जाए। श्री महंत राम भूषण दास जी महाराज अध्यक्ष स्वामी धर्मानंद जी महाराज कोषाध्यक्ष स्वामी लवलीन महाराज सचिव स्वामी हनुमान दास जी महाराज स्वामी बरखा पुरी जी महाराज स्वामी राजेश आजाद जी महाराज स्वामी सोमनाथ राम नरेश शास्त्री योगेश दुबे जी मृत्युंजय आश्रम अमरकंटक प्रवीण जी सुनील जी बाल्मीकि जी शिव कुमार जी एवं मीडिया प्रभारी श्रवण उपाध्याय उमाशंकर पाण्डेय मुन्नू सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### सीएचपी से एसईसीएल का चोरी गये सामान को रामनगर पुलिस ने किया जप्त



**राजनगर।** 1 मार्च को दयाशंकर यादव पिता स्व. लालजी यादव उम्र 58 वर्ष निवासी काटर नं० एम/197 सी सेक्टर राजनगर सुरक्षा प्रभारी राजनगर ओसीएम ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि राजनगर खुली खदान के सीएचपी प्लांट के फोरमैन रूम के बाहर 4 नग बड़े बड़े टूल पाना पेटी रखी थी जो 28 फरवरी की शाम 5 बजे पेट्रोलिंग में गया था तो सही सलामत रखे थे जिसके बाद 1 मार्च की शाम 5 बजे पेट्रोलिंग में अपने साथी कर्मचारी सुरक्षा प्रहरी मिथुन राठौर एवं मृत्युंजय चौबे के साथ जाकर देखा तो 2 नग टूल पाना पेटी नहीं थे जिनकी वजनी करीबन 300 किग्रा कीमत करीबन 12.000 रूपये है, जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है रिपोर्ट पर अपराध कं० 49/25 धारा 303(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी कोतमा के द्वारा शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश प्राप्त हुये जो कायमी के 12 घंटे में 02.03.25 को आरोपी मंता प्रसाद बंसल पिता शीतल प्रसाद बंसल उम्र 36 वर्ष निवासी लालपुर मनेन्द्रगढ़, रवि सेन पिता गोविंद सेन उम्र 30 वर्ष, फिरोज खान पिता सुभान खान उम्र 33 वर्ष, शेख अजहरूद्दीन पिता जैनुद्दीन उम्र 34 वर्ष, दीपक दास (दीवान) पिता स्व. रामचरण दास उम्र 26 वर्ष, विनोद सेन पिता जेठू सेन उम्र 23 वर्ष सभी निवासी खोंगापानी के कब्जे से चोरी गया 02 दो नग पेटी तथा घटना में प्रयुक्त 02 नग मोटर सायकल कं० सीजी 16 सीजी 5293 एवं सीजी 04 सीएल 9076 को समक्ष गवाहान जप्त किया गया। जिसकी कुल कीमती 62,000 रूपये है। घटना में प्रयुक्त 02 बाइक को भी पुलिस ने बरामद किया है।

## कलेक्टर साहब! परीक्षा चल रही है, डीजे का शोर रोकें, हम पढ़ नहीं पा रहे

# शादियों में डीजे का उल्लास छात्रों के लिए बन रहा मुसीबत

**पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी कानफोडू संगीत व डीजे पर नहीं लगा पा रहे अंकुश**

**देर रात तक बज रहा संगीत, लगाम लगाने की मांग**

इन दिनों स्कूली बच्चे परीक्षा की चिंता के साथ कानफोडू.डीजे के शोर से परेशान हैं। शादी-ब्याह के सीजन व आये दिन निकलने वाले जुलूस के चलते दिन ही नहीं रात में भी ध्वनि प्रदूषण अपने चरम पर पहुंच चुका है। कानफोडू शोर से बच्चों के साथ बुजुर्ग और विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोग भी परेशान हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी मैरिज गार्डन, मुख्य मार्गो पर रहने वाले लोगों को हो रही है। जहां दिन के अलावा देर रात तक संगीत बजता रहता है। हालत यह है कि परीक्षाओं के दौर में विद्यार्थी अब कलेक्टर से गुहार लगा रहे हैं कि उनकी परीक्षाएं चल रही है, कम से कम रात 10 बजे के बाद तो तेज आवाज पर रोक लगा दें।

अनूपपुर/कोतमा।





तेज संगीत पर रोक को लेकर प्रशासन की ओर से अब तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं हुई। प्रशासन ने ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर धारा 144 के तहत आदेश जारी नहीं किए है, जिला मुख्यालय में कोतवाली पुलिस ने मात्र एक कार्यवाही करते हुये डीजे वाहन जप्त कर कर्तव्यों से इतिश्री पा लिये हैं। जबकि कलेक्टर के द्वारा परीक्षाओं के चलते ध्वनि प्रदूषण पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जा चुके हैं परंतु अब तक कोई ठोस कवायद नहीं हुई है, जबकि रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने का नियम नहीं है। इसका पालन नहीं हो रहा है।

### डीजे गाड़ियों पर अंकुश नहीं, हर कोई परेशान

जिले भर में वैवाहिक सीजन व धार्मिक आयोजनों के चलते बड़ी संख्या में डीजे साउंड सिस्टम का उपयोग हो रहा है। इन डीजे से इतना तेज साउंड निकल रहा है कि लोग परेशान हो रहे है। इन पर किसी तरह का अंकुश नहीं है। डीजे गाड़ियों में तेज आवाज के लिए बड़ी संख्या में एम्पलीफायर लगाए जा रहे हैं। बड़ी गाड़ियों में इनकी संख्या 8 से ज्यादा होती है। कई गाड़ियों में 200 डेसीबल से अधिक साउंड पैदा करने की क्षमता वाले साउंड सिस्टम लगा रखे है।

### मैरिज गार्डन ही नहीं घरों पर लगा रहे डीजे

शादी समारोह में अब तक मैरिज गार्डन या धर्मशालाओं में डीजे लगाए जाते रहे हैं लेकिन अब जिनके घरों में शादी है, वहां भी डीजे उपयोग हो रहा है। इन घरों में सुबह से लेकर देर रात तक संगीत बजता है। तेज आवाज से आस पड़ोस के लोग परेशान होते हैं लेकिन पड़ोसी होने के कारण मन मसोस कर रह जाते हैं। जबकि कुछ मामलों में थानों में शिकायत हो रही है लेकिन पुलिस तेजी से कार्यवाही नहीं कर रही है।

### देर रात तक तेज आवाज में बज रहा संगीत

कोतमा के वार्ड क्रमांक 7 बनिया टोला शिशु भारती स्कूल के पास रविवार को शाम पांच बजे से ही तेज सांउड में डीजे बजाया जा रहा था। जबकि सोमवार को बच्चों की कक्षा दसवीं की परीक्षा होनी थी। वार्ड क्रमांक 7 निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि बेटे की कक्षा दसवीं की परीक्षा चल रही है। रविवार रात को उनके घर के पास रात 11 बजे तक तेज डीजे का शोर हो रहा था। बेटा परेशान हो रहा था पढ़ाई नहीं कर पा रहा था जबकि सुबह उसे परीक्षा देने जाना था ।

### रात 11 बजे तक संगीत, नींद भी बिगाड़ रहे

कोतमा के वार्ड क्रमांक 7 निवासी लक्ष्मी पाण्डेय सेवानिवृत्त कालरी कर्मचारी हैं। उनके घर के पास शादी हो रही थी। दो दिन से देर रात तक संगीत बज रहा था। संगीत बजने से उनकी नींद पूरी नहीं हो पा रही है। चूंकि शादी पड़ोस में है, इसलिए वह चाहकर भी कार्रवाई नहीं कर पा रहे है। तेज आवाज से परेशान हो रहे हैं। नगर में आये दिन शादी समारोह के साथ ही शोभा यात्रा के जुलूस निकाल रहे। जिसमें भी तेज सांउड में डीजे बजाया जाता है साथ ही दसवीं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं संचालित है जिसके कारण बच्चे कानफोडू डीजे के आवाज़ के कारण पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। कलेक्टर हर्षल पंचोली से नागरिकों एवं अभिभावकों ने गुहार लगाई है कि डीजे साउण्ड पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाते हुए कार्यवाही करवाये जाने की मांग की है। डीजे पर रोक लगाए जाने के बावजूद जिला प्रशासन के आदेश की खुलकर धज्जियां उड़ती नजर आ रही है।

### प्रशासन के आदेश के बावजूद नहीं थम रहा डीजे को शोर

डीजे पर रोक लगाए जाने के बावजूद जिला प्रशासन के आदेश की खुलकर धज्जियां उड़ती नजर आ रही है। शादी के मौके पर डीजे का जमकर प्रयोग किया जा रहा है। लगन के इस मौसम में अधिकांश शादियों में डीजे का धड़ल्ले से उपयोग करते हुए प्रशासन के आदेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है। डीजे पर रोक लगाए जाने के बावजूद जिला प्रशासन के आदेश की खुलकर धज्जियां उड़ती नजर आ रही है। लगन के इस मौसम में अधिकांश शादियों में डीजे का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा हैं और बारात के साथ ही अन्य विधि विधानों में भी इसके धुन पर लोग सड़कों पर झूमते नजर आ रहे हैं। वहीं डीजे के शोरगुल से आसपास के लोग परेशानी झेलने के साथ ही अपनी नींद खो रहे हैं। लोग प्रशासन के शिथिल रवैये को लेकर कोसते नजर आते हैं। पिछले महीने जिला प्रशासन ने डीजे पर पूरी तरह प्रतिबन्ध लगा दिया। इसको लेकर आदेश जारी करते हुए डीजे बजने पर उसे जब्त करने का आदेश भी दिया था। कुछ दिनों के लिए जिले में डीजे का शोर थमा था और कार्यवाही भी की गई थी, लेकिन पुनःअब शादी-विवाह में बेरोकटोक डीजे बज रहा है। कोयलांचल क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिबंध के बाद भी रात दस बजे के बाद डीजे व साउंड का शोर थम नहीं रहा है। प्रशासन के आदेश को दरकिनार कर वैवाहिक कार्यक्रम में जमकर डीजे बजाए जा रहे हैं। फिलहाल ध्वनि प्रदूषण को लेकर अधिकारियों के दावों की धज्जियां उड़ रही हैं। प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस विभाग देखते रहने के बाद भी इस पर मौन साधे हुए हैं। सरकार की ओर से रात व दिन में ध्वनि प्रदूषण का मानक तय किया गया है, ताकि ध्वनि प्रदूषण से दिक्कत न हो। सरकार के स्पष्ट आदेश के बाद भी दिन व रात में काफी तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा है। डीजे व बैंड-बाजा मानक से अधिक ध्वनि प्रदूषण कर रहे हैं।

### कलेक्टर ने यह दिये थे प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा आदेश

वर्तमान में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, मध्यप्रदेश की हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी आदि की परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए अनूपपुर जिले में शांतिपूर्ण ढंग से बोर्ड की परीक्षा सम्पादित कराए जाने व परीक्षार्थियों को ध्वनि प्रदूषण से मुक्त रखे जाने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी हर्षल पंचोली ने 19 फरवरी को समस्त जनसाधारण के विरुद्ध म.प्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, 1985 के नियम-10 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनूपपुर जिले की सीमाक्षेत्र में प्रतिबंधात्मक निषेधाज्ञा आदेश परीक्षाएं समाप्ति तक के लिए लागू किया है। आदेश में कलेक्टर ने कहा था कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 यथासंशोधित के नियम-3(1) तथा 4(1) के अनुसार नियमावली के शेड्यूल में अंकित अनुमत्य अधिकतम ध्वनि सीमा 1/4 वॉल्यूम में (ध्वनि स्तर परिवेशी ध्वनि 10 डेसीबल के अनधिक) के अन्तर्गत ध्वनि मानकों के प्रावधानों का पालन करते हुए सामान्यतः मध्यम आकार के अधिकतम 02 डी.जे. के प्रयोग की ही अनुमत्य होगी। डी.जे. व लाउडस्पीकर की विधिवत अनुमति संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी से लिया जा सकेगा। किसी भी संस्था/व्यक्ति द्वारा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 यथासंशोधित के प्रावधानों का पालन करते हुये ही ध्वनि विस्तारक यंत्र/लाउडस्पीकर/डी.जे. का प्रयोग रात्रि 10.00 बजे तक किया जा सकेगा। ऐसे कार्यक्रम जिनमें नियमों का पालन न करते हुए डी.जे. या ध्वनि विस्तारक यन्त्रों का अनियंत्रित रूप से प्रयोग किया जाता है, तो उनके आयोजकों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। यदि पाया जाता है कि किसी शासकीय अधिकारी/कर्मचारी, जिसका ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 यथासंशोधित के प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने का दायित्व था, परन्तु उसके द्वारा ऐसा न करने के कारण किसी धार्मिक स्थल/सार्वजनिक स्थल अथवा कार्यक्रम में नियम विरुद्ध ध्वनि विस्तारक यंत्र/लाउडस्पीकर/डी.जे. प्रयोग में लाया गया हो तो जिम्मेदार अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध यथोचित अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।



## फुनगा एवं पसान में भाजपा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

### जिले भर के कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**अनूपपुर।** भारतीय जनता पार्टी में कार्य करने वाला हर एक कार्यकर्ता पार्टी की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करें, पार्टी हर कार्यकर्ता की चिंता करती है, जिसके हम प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। अंत्योदय के सपने को साकार करने की दिशा में अनूपपुर जिले के अंतिम छोर पर हम निवास करते हैं जहां से पार्टी हमें उठाकर आज जिले का अध्यक्ष बना दी है, कार्यकर्ता के कामों का आकलन कहीं ना कहीं कोई बैठा हुआ कर रहा है कार्य करने वाले हर कार्यकर्ता को पार्टी मौका देगी, ऐसे अनेक उदाहरण हमारे देश प्रदेश में अनेकों मौजूद हैं। राष्ट्र प्रेम समाज प्रेम ना होता तो आज हम भाजपा से ना जुड़ते, राष्ट्रहित में भारतीय जनता पार्टी कार्य कर रही है हम सौभाग्यशाली हैं जो राष्ट्रहित में अपनी सेवा दे रहे हैं उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने नगर पालिका परिषद पासन के जमुना कालरी बंकिंग बिहार में आयोजित अपने स्वागत सम्मान समारोह के दौरान कार्यकर्ताओं के बीच व्यक्त किए। 28 फरवरी को फुनगा एवं पसान मंडल में भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम का स्वागत भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी द्वारा किया गया। सर्वप्रथम फुनगा मंडल में आयोजित मंडल प्रभारी राम अवध सिंह तथा अध्यक्ष मुकेश पटेल के नेतृत्व में आयोजित स्वागत सम्मान में जिला अध्यक्ष का स्वागत किया गया वही शाम 4 बजे जमुना बंकिंग बिहार में भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय द्विवेदी एवं नगर पालिका अध्यक्ष राम अवध सिंह के नेतृत्व में आयोजित स्वागत सम्मान कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम का जोरदार स्वागत हुआ।

## मां नर्मदा की पवित्र जल धारा में कूड़ा करकट ना डालें -मंत्री इंदर सिंह परमार

## मंत्री ने लगाई नर्मदा में आस्था की डुबकी, मंदिर में किया दर्शन पूजन अर्चन

### अमरकंटक में महाविद्यालय खोले जाने मुख्यमंत्री से चर्चा कर कार्यवाही का दिया आश्वासन

अमरकंटक।



मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के कैबिनेट मंत्री इंदर सिंह परमार ने आज पुण्य सलिला मां नर्मदा जी के रामघाट दक्षिण तट में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रशिक्षणा हेतु आए छात्र-छात्राओं के साथ नर्मदा स्वच्छता अभियान में साथ रहकर श्रमदान किया तथा पतित पावनी मां नर्मदा जी का जल निर्मल रहे स्वच्छ रहे पवित्र रहे कूड़ा कचरा ना डालें का संदेश दिया उन्होंने कहा कि नर्मदा प्रदेश की जीवन दायिनी है उनसे ही फसल लहलहाती है हम सब का दायित्व है कि नर्मदा जी की शुद्धता पवित्रता बनी रहे कचरा ना डालें। राष्ट्रीय सेवा योजना के लगभग 600 से भी अधिक छात्र-छात्राओं एवं अधिकारी कर्मचारियों ने नर्मदा नदी के रामघाट उत्तर एवं दक्षिण तट में तथा पुष्कर बांध तक स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाया उक्त कार्यक्रम में मंत्री भी छात्र-छात्राओं के साथ जोश उत्साह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कचरा निकाला तथा घाट की पटरी पर झाड़ू लगाया इससे छात्र-छात्राओं में अभूतपूर्व उत्साह उमंग जोश खरोश देखने को मिला सभी छात्र-छात्राएं मंत्री के साथ तसला फावड़ा बोरी में कचरा भरा ट्रैक्टर ट्राली में डालते रहे। नर्मदा नदी के स्वच्छता अभियान के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा किए गए श्रमदान के बाद उन्होंने नर्मदा नदी में नौकायन भी किया तथा नर्मदा नदी में आस्था की डुबकी लगाई स्नान किया तत्पश्चात मंत्री इंदर सिंह परमार ने नंगे पैर चलकर मां नर्मदा जी की उद्गम स्थल मंदिर में दर्शन पूजा दर्शन किया तथा प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना। उच्च शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री इंदर सिंह परमार ने अमरकंटक नगर के वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सहजता सरलता विनम्रता के साथ उत्तर दिया । मध्य प्रदेश शासन के मंत्री प्रहलाद पटेल के क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जनता द्वारा दिए गए आवेदन पत्रों मांग पत्रों के संबंध में भिखारी के बयान का बचाव करते हुए उन्होंने कहा कि उनका आशय ऐसा नहीं था वह तो मांगने की नहीं बल्कि देने की क्षमता हो ऐसा आशय था। लंबे समय से पत्रकारों द्वारा सरकार की आयुष्मान योजना का स्वास्थ्य लाभ तथा प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभ दिलाए जाने विषयक प्रश्न पर इस पर चर्चा कर कार्यवाही किए जाने की बात दोहराई तथा पवित्र नगरी अमरकंटक में उच्च शिक्षा हेतु महाविद्यालय खोले जाने हेतु माननीय मुख्यमंत्री से चर्चा कार्यवाही किए जाने की बात कही। नर्मदा तट में स्वच्छता अभियान के श्रमदान कार्य में प्रमुख रूप से मनोज अग्निहोत्री, राहुल सिंह परिहार, अभिमन्यु सिंह , डॉ प्रकाश गढ़वाल डॉ विजय वर्मा डॉक्टर अनंत सक्सेना डॉक्टर हरिशंकर कंसाना डॉक्टर अरुण कुमार चौरसिया श्रीमती शीतल रावत डॉ अपर्णा सिंह डॉक्टर हिंदू सिंह छाबड़ा डॉक्टर हेमलता वर्मा डॉक्टर मनोरमा चौहान नायब तहसीलदार कौशलेंद्र शंकर मिश्रा हल्का पटवारी अमरकंटक अश्वनी तिवारी सहायक उप निरीक्षक पी धनंजय अमरकंटक नगर के वरिष्ठ पत्रकार धनंजय तिवारी तथा श्रवण उपाध्याय उपस्थिति एवं शामिल रहे।

## पुष्पराजगढ विधायक ने उच्च शिक्षा मंत्री को धान उपार्जन की राशि का भुगतान कराने सौंपा ज्ञापन

अनूपपुर।



पुष्पराजगढ़.विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने अमरकंटक आए प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार से मुलाकात कर एक ज्ञापन देते हुए मांग की कि किसानों को धान उपार्जन वर्ष 2025 की राशि का भुगतान तत्काल कराया जाए। उन्होंने इसकी प्रतिलिपि डॉ.मोहन यादव मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन भोपाल एवं सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र हिमाद्री सिंह को भी दी। उन्होंने अपने ज्ञापन में लेख किया कि धान उपार्जन वर्ष 2024-25 में धान खरीदी का कार्य दिनांक 04/12/2024 से 23/01/2025 का उपार्जन केन्द्रों द्वारा धान खरीदी की गई। धान खरीदी उपरान्त राशि किसानों को त्वरित भुगतान किया जाना था, परन्तु दो माह व्यतीत हो जाने के बाद भी राशि किसानों के खाते में नहीं जमा की गयी है, जिससे किसानों को काफी आर्थिक तंगी से गुजरना पड़ रहा है। वर्तमान में शादी-विवाह का समय आ गया है, अपने बच्चों के शादी-विवाह करने तथा खाद बीज आदि की लंबित राशि का भी भुगतान करना है, किन्तु समय से भुगतान न होने की दशा में किसान मानसिक परेशानी से जूझ रहे हैं। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन वर्ष 2024-25 की राशि किसानों को दो माह से भुगतान नहीं हो रहा है। जिससे किसानो की राशि जिसमे 93 करोड़ भुगतान किया जाना है कुछ किसानो का भुगतान हुआ कुछ किसानो की भुगतान आज भी शेष है। शादी विवाह का समय आ चुका है। बिलंब होने से किसान परेशान है। जिला कलेक्टर अनूपपुर को भी संदर्भित पत्र के माध्यम से अनुरोध किया जा चुका है। दो माह का व्याज भी किसानों को दिलाया जाए। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री से मांग की कि किसानों को अति शीघ्र भुगतान कराए जाने का निर्देश संबंधितों को प्रदत्त करें।